कार्यालय–जनपद न्यायाधीश, कुशीनगर स्थान पडरौना।

विज्ञप्ति

(सं० 01/पुनर्नियुक्ति(सेवानिवृत्त)/कुशीनगर/2022–23/दिनांक/दिसम्बर 06, 2022)

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद से प्राप्त परिपत्र संख्या 14/एडमिन, 'डी' सेक्शन दिनांकित 15.10.2022 एवं पूर्व में निर्गत परिपत्र संख्या 41/ एडमिन, 'डी' सेक्शन दिनांकित 14.04.1980 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, के सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, की जनपद न्यायालय कुशीनगर स्थान पड़रौना में अधोलिखित तालिका में अंकित रिक्त पदों के सापेक्ष पुनर्नियुक्त की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी तथा एक वर्ष की अवधि तक के लिए (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जाय) की जायेगी।

पुनर्नियुक्ति, 65 वर्ष की अवस्था प्राप्त करने अथवा धारित पद माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार भरे जाने या प्रोन्नति से भरे जाने, जो भी पहले हो तक ही मान्य रहेगी।

पुनर्नियुक्त कर्मचारी को उसकी सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन जिसमें से पेन्शन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा। अन्य भत्ते उत्तर प्रदेश शासन के यथासंशोधित आदेशों के अधीन प्रदान किये जायेगें।

इच्छुक जनपद न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारीगण/आवेदकगण इस विज्ञप्ति के साथ संलग्न आवेदन पत्र के प्रारूप पर अपना विवरण भरकर दिनांक 20.12.2022 की सायं 05:00 बजे तक नियुक्ति प्राधिकारी/जिला न्यायाधीश, कुशीनगर स्थान पडरौना के प्रशासनिक कार्यालय में स्वंय उपस्थित आकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रेषित कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त हुए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदकगण दिनांक 22.12.2022 को समय प्रातः 10:30 बजे अपने समस्त संबंधित मूल प्रपत्रों के साथ साक्षात्कार के लिए प्रशासनिक कार्यालय में उपस्थित होंगे। साक्षात्कार के लिए अलग से कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा और न ही कोई यात्रा भत्ता देय होगा।

<u>जनपद कुशीनगर स्थान पड़रौना में पुनर्नियुक्ति हेतु रिक्त पदों का विवरण :–</u>

क्रम संख्या	पदनाम	रिक्त पदों का विवरण	मानदेय
1–	प्रधान सहायक	13	Principal of last pay drawn minus amount of pension
2–	वरिष्ठ सहायक	81	Principal of last pay drawn minus amount of pension
3–	कनिष्ठ सहायक	20	Principal of last pay drawn minus amount of pension
4–	स्टेनोग्राफर ग्रेड–I	03	Principal of last pay drawn minus amount of pension
5–	स्टेनोग्राफर ग्रेड–II	08	Principal of last pay drawn minus amount of pension
6–	स्टेनोग्राफर ग्रेड–III	13	Principal of last pay drawn minus amount of pension

7–	तामिला वाहक	02	Principal of last pay drawn minus amount of pension
8–	अर्दली /चपरासी/कार्यालय चपरासी/फरार्स	36	Principal of last pay drawn minus amount of pension

विज्ञप्ति सार्वजनिक सूचना हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय। नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर विज्ञप्ति मय आवेदन पत्र के प्रारूप प्रति जनपद न्यायालय कुशीनगर स्थान पडरौना एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की बेबसाइट पर अपलोड करावें।

विज्ञप्ति मय आवेदन पत्र के प्रारूप प्रति जिला सूचना अधिकारी, कुशीनगर को लोकप्रिय हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित की जाय।

06.12.22

दिनांक/कुशीनगर।

दिसम्बर 06 , 2022

(अशोक कुमार सिंह, एच.जे.एस.)

जनपद न्यायाधीश,

कुशीनगर स्थान पडरौना।

District Judge
Kushinagar at Padrauna (U.P.)

संलग्नक–आवेदन पत्र का प्रारूप (01–पेज)।

कार्यालय–जनपद न्यायाधीश कुशीनगर स्थान पड़रौना

आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदक अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज स्व प्रमाणित फोटोग्राफ चस्पा करे

1– सेवानिवृत्त कर्मचारी का नाम :

2– पिता का नाम :

3– जन्मतिथि :

4– आयु (दिनांक 20.12.2022 को) :

5– सेवानिवृत्ति का दिनांक :

6– आवेदित पद का नाम :

7– स्थायी पता :

8– पत्र व्यवहार का पता :

9– अंतिम धारित पद :

10– मोबाइल नम्बर :

11– ईमेल आई०डी० :

12– अंतिम धारित पद पर आहरित अन्तिम वेतन (अन्तिम वेतन प्रमाण पत्र और अंतिम पेंशन प्रमाण पत्र संलग्न करें) :

दिनांक :–

आवेदक का हस्ताक्षर

घोषणा

मैं प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि आवेदन पत्र में अंकित उपरोक्त सभी सूचनाएं मेरी निजी जानकारी में सत्य हैं। मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि किसी भी समय उपरोक्त में से कोई सूचना असत्य पायी जाती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी और तत्संबंध में मेरे विरूद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैं पूर्ण रूप रूप से स्वस्थ हूँ तथा कार्य करने में सक्षम हूँ। मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक मुकदमा लंबित अथवा पंजिकृत नहीं है। आवेदित पद से संबंधित विज्ञप्ति में उल्लिखित सभी नियम/शर्तें मुझे स्वीकार हैं।

दिनांक:–

आवेदक का हस्ताक्षर